CHHATTISGARH SWAMI VIVEKANAND TECHNICAL UNIVERSITY, BHILAI
छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई

Dr M K Verma
Vice Chancellor

अपील

प्रिय शिक्षकगण एवं छात्रगण,

आप सभी को विदित है कि पूरा देश इस समय नोवेल कोरोना वायरस (COVID-19) के संक्रमण से जूझ रहा है और इसके कारण अपने राज्य में भी संकट की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इस बीमारी का सामना करने के लिये अभी तक कोई औषधि भी उपलब्ध नहीं है। केवल विभिन्न प्रकार के बचावों से ही इस महामारी से निपटा जा सकता है।

इस वायरस से निजात पाने और इसकी शृँखला को तोड़ने के लिए भारत सरकार ने सम्पूर्ण देश में लाकडाऊन करने का अहम् फैसला किया है। सरकार के इस फैसले का सम्मान करते हुए स्वयं की रक्षा हेतु आप अपने घर में ही रहें। कोरोना वायरस से बचाव के लिए सामाजिक दूरी बनाकर रखें। नियमित रूप से बार बार साबुन से हाथ धोएं और सेनेटाइजर का प्रयोग करें। समाज के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सोशल मीडिया जैसे फ़ेसबुक, व्हाइटस एप, ई मेल इत्यादि के माध्यम से अपने घर के लोगों, मित्रों, सगे संबंधियों और पडोसियों को भी घर में ही रहने के लिये प्रेरित करें। अति आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। किसी आपात स्थिति में घर से बाहर निकलने से पहले वायरस से सुरक्षा हेतु अपने नाक-मुहँ को ढकने के लिए साफ़ रूमाल या मास्क का उपयोग करें। साथ ही लाकडाऊन की स्थिति में शासन द्वारा समय समय पर जारी किए गए दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करें। कोरोना वायरस से खुद भी बचें तथा औरों को भी बचाएँ।

प्यारे छात्रों से आग्रह है कि लाकडाऊन की स्थिति में स्वयं को शैक्षणिक रुप से सुदृढ बनाने के लिए NPTEL-SWAYAM एवं अन्य विभिन्न संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे आन लाईन कोर्सेस का आधिक से अधिक लाभ उठाये। इस क्रम में शिक्षकों से भी आग्रह है कि शिक्षक भी घर बैठे AICTE के NITTT (National Initiative for Technical Teachers Training, www.nittt.ac.in) द्वारा संचालित 8 मॉडुल कोर्स (जो कि नए शिक्षकों के लिए अनिवार्य है) में रजिस्ट्रेशन करके कोर्स अनिवार्य रूप से पूर्ण करें |

किसी भी शैक्षणिक/अकादमिक तथा परीक्षाओ से सम्बंधित गतिविधियों की जानकारी के लिये अपने महाविद्यालय के प्राचार्य/अध्यक्ष/निदेशक/शिक्षक से मोबाईल, व्हाटस एप, ई मेल के माध्यम से सम्पर्क में रहें तथा विश्वविद्यालय की वेबसाइट, www.csvtu.ac.in का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

आपसे आशा और विश्वास करते हैं कि आप घर में रहें सचेत रहें, जागरूक रहें और स्वस्थ रहें।

शुभ कामनाओं सहित,

(मुकेश कुमार वर्मा)

Newai, P.O. Newai, Bhilai, Distt. Durg (Chhattisgarh) - 491107
Ph. No. : 0788 - 2200062, Fax : 0788-2445020, Website : www.csvtu.ac.in, E-mail : registrar@csvtu.ac.in